आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–13 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की बाइसवीं किस्त जारी की। इससे उत्तर प्रदेश के दो करोड़ पन्द्रह लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी किसानों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। किसानों ने प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

****

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ आज लखनऊ में समतामूलक चौराहे पर ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। एक रिपोर्ट–

ग्रीन कॉरिडोर का यह फेज पन्द्रह सौ उन्नीस करोड़ के लागत से तैयार किया गया। इस अवसर पर रक्षामंत्री ने कहा कि यह कॉरिडोर बन जाने से भारी वाहनों को शहर में आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को भी इसके माध्यम से शहर के एक किनारे से दूसरे किनारे तक पहुंचने में आसानी होगी। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संबोधित किया। ग्रीन कॉरिडोर का यह चरण नौ दशमलव दो किलोमीटर लंबा है। गोमती नदी के किनारे बने इस कॉरिडोर से पुराने लखनऊ और गोमती नगर के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में रसोई गैस–एलपीजी की निर्बाध और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कल देर शाम लखनऊ में वरिष्ठ अधिकारियों और तेल कंपनियों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

रसोई गैस को लेकर की गई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्थिति उतनी गंभीर नहीं है जितना अफवाहों के माध्यम से प्रचारित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तेल कंपनियों को प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करके जनता को एलपीजी की आपूर्ति और वितरण की वास्तविक स्थिति के बारे में नियमित रूप से सूचित करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई वितरण एजेंसी या निजी व्यक्ति कालाबाजारी या जमाखोरी में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। यदि आवश्यक हो, तो एलपीजी वितरण केंद्रों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए, ताकि कहीं भी अव्यवस्था न फैले और वितरण कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके। समाचार कक्ष से रितेश।

****

केंद्र सरकार के निर्देश के बाद आपूर्ति विभाग ने लोगों से रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल का बेहतर तरीके से उपयोग करने का आग्रह किया है। विभाग ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना में कही गई बात का हवाला दिया जिसमें यह कहा गया है कि देश में रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। हालांकि, मंत्रालय ने यह भी कहा कि मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण स्थिति अस्थिर बनी हुई है। इस अनिश्चितता को देखते हुए आपूर्ति विभाग ने जनता को इन उत्पादों का सही तरीके से उपयोग करने की सलाह दी है।

****

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कानपुर में आज आयोजित प्रेसवार्ता में मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने की अपील की। श्री रिणवा ने कहा कि यह सूची दस अप्रैल को प्रकाशित होगी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत दो हजार सत्ताइस में होने वाले चुनाव में किसी भी पोलिंग स्टेशन में बारह सौ से अधिक मतदाता नही होंगे। मतदाताओं की सुविधा के लिए पोलिंग स्टेशन के पास लोगों को मोबाईल जमा करने की सुविधा भी दी जाएगी।

****

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड की ओर से उप निरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 के लिए लिखित परीक्षा कल और पंद्रह मार्च को आयोजित होगी। एक रिपोर्ट–

भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन 14 और 15 मार्च 2026 को राज्य के 75 जिलों में बने परीक्षा केंद्रों पर होगा। दोनों दिन परीक्षा 2 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस भर्ती के जरिए कुल चार हजार 543 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।

****

रमजान के आखिरी जुमे पर आज प्रदेश भर में अकीदत के साथ अलविदा की नमाज अदा की गई। लखनऊ, वाराणसी, श्रावस्ती और जौनपुर सहित प्रदेश भर में नमाजियों ने देश में सदैव खुशहाली और शान्ति बने रहने की कामना की। इस अवसर पर सभी जिलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा और यातायात की अतिरिक्त व्यवस्था की गयी थी।

****

मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पंद्रह और सोलह मार्च को, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में पंद्रह मार्च को कहीं कहीं वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश में सोलह मार्च को भी कुछ स्थानों पर यही स्थिति बनी रहेगी।

****